सत्यमेव जयते
Government of India

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्
(भारत सरकार का सांविधिक निकाय)
(शिक्षा मंत्रालय)

नेल्सन मंडेला मार्ग, वसंत कुंज, नई दिल्ली–110070
वेबसाईटः www.aicte-india.org फोन नं० 011–29581000, 29581050

अनुमोदन प्रक्रिया वर्ष 2025–26 हेतु सार्वजनिक सूचना

अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद् (अभातशिप) द्वारा निम्नलिखित प्रस्तावों के लिए शिक्षा भागीदारों (हितधारकों) से आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं।

1. **नई तकनीकी संस्थानों की स्थापना** हेतु निम्नलिखित कार्यक्रमों में सभी स्तरों पर ("डिप्लोमा, पोस्ट डिप्लोमा, स्नातकपूर्व, स्नातकोत्तर, प्रबंधन में स्नातकोत्तर डिप्लोमा, प्रबंधन में स्नातकोत्तर प्रमाणपत्र और एफपीएम (प्रबंधन में) आदि (बीबीए / बीसीए / बीएमएस सहित) –
   - इंजीनियरी एवं प्रौद्योगिकी
   - आयोजना
   - अनुप्रयुक्त कला एवं शिल्प
   - डिजाईन
   - होटल प्रबंधन एवं खानपान प्रौद्योगिकी
   - कंप्यूटर अनुप्रयोग
   - प्रबंधन
2. **अनुमोदन का विस्तार** – विद्यमान तकनीकी संस्थानों, मानित विश्वविद्यालय संस्थानों तथा विश्वविद्यालयों (केन्द्रीय / राज्य / निजी) के लिए।
3. **मुक्त एवं दूरस्थ शिक्षण (ओडीएल) अथवा ऑनलाइन रीति से शिक्षण कार्यक्रमों** के लिए अनुमोदन / अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) – निम्नलिखित क्षेत्रों में एकल (स्टैण्डअलोन) संस्थाओं तथा मानित विश्वविद्यालय संस्थाओं के लिए प्रमाणपत्र / डिप्लोमा / डिग्री स्तर पर :
   प्रबंधन – व्यवसाय प्रशासन, रसद (लॉजिस्टिक) और यात्रा एवं पर्यटन
   कंप्यूटर अनुप्रयोग – कंप्यूटर अनुप्रयोग, कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और डेटा साइंस, कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) और मशीन लर्निंग, साइबर सुरक्षा और ब्लॉक चेन।

सभी आवेदकों को दृढ़तापूर्वक सलाह दी जाती है कि वे अभातशिप के वेब–पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन जमा करने से पहले अभातशिप की अनुमोदन प्रक्रिया पुस्तिका 2024–25 से 2026–27 तथा समय–समय पर जारी इसके संशाधनों का अत्यंत ध्यानपूर्वक तथा सम्पूर्णतः अध्ययन कर लें। शैक्षणिक सत्र 2025–26 हेतु आवेदन अभातशिप वेब पोर्टल के माध्यम से ऑनलाईन जमा करने होंगे।
वेब–पोर्टल **दिनांक 06 नवम्बर, 2024** से प्रक्रियाशील (लाइव) होगा। विस्तृत कार्यक्रम और समय–सीमा के लिए कृपया www.aicte-india.org देखें।

नोटः तकनीकी कार्यक्रम संचालित कर रही / करने की इच्छुक सभी उच्च शिक्षण संस्थाओं से अनुरोध किया जाता है कि वे सभी अद्यतन सूचना, सामान्य अधिसूचनाओं तथा शैक्षणिक वर्ष 2025–26 की अनुमोदन प्रक्रिया से संबंधित आधिकारिक संवाद के लिए नियमित आधार पर अभातशिप की वेबसाईट www.aicte-india.org के अन्तर्गत "Home>Quick link: Approval Process 2025-26" देखें।

प्रो० राजीव कुमार
सदस्य सचिव, अभातशिप

विज्ञापन संख्या– विनियमन ब्यूरो / अभातशिप / 11(01)2024

CBC 21300/12/0013/2425